पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

परीक्षा का वर्ष : **2023**

# PTR

प्रश्न-पुस्तिका

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

## सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी

## General Knowledge, General Studies and General Hindi

समय : **2:00** घंटे
पूर्णांक : **100**

**Time : 2:00 Hours**
**Maximum Marks : 100**

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Answer-Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न** (वस्तुनिष्ठ प्रकार) हैं, जिसमें खण्ड-**1** (सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन) में **75** प्रश्न एवं खण्ड-**2** (सामान्य हिन्दी) में **25** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई अंक** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer-Sheet) पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के पश्चात ही कक्ष छोड़े । अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C, D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।

**महत्त्वपूर्ण :** प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

## SECTION – 1
## General Knowledge and General Studies

**1.** Which city was the capital of Kanishka ?
(a) Kabul
(b) Peshawar (Purushpur)
(c) Multan
(d) Lahore

**2.** The Jain Tirthankar Parsvanath was the
(a) 24th Tirthankar (b) 25th Tirthankar (c) 23rd Tirthankar (d) None of these

**3.** At which place Mausoleum of Shershah is situated ?
(a) Delhi (b) Sasaram (c) Agra (d) Multan

**4.** To commemorate which victory Akbar had constructed the 'Buland Darwaza' situated at Fatehpur Sikri ?
(a) Ambar (b) Gujarat (c) Malwa (d) Kabul

**5.** Which one of the following is known as the Magna Carta of English Education in India ?
(a) Wood's Dispatch of 1854
(b) Macauley's Minute
(c) Charter Act of 1813
(d) Elphiston's Report of 1823

**6.** Who among the following had introduced the Permanent Settlement ?
(a) Lord Hastings (b) Lord Cornwallis (c) Lord Macauley (d) Lord Dalhousie

**7.** Which movement was suspended after the chaura-chauri incident of 5th February, 1922 ?
(a) Khilafat Movement
(b) Non-Cooperation Movement
(c) Civil Disobedience Movement
(d) Quit India Movement

**8.** Who is the author of 'Garhrajyavamsha Kavya' ?
(a) Molaram Tomar
(b) Sudarshan Shah
(c) Bharat Kavi
(d) Man Shah

**9.** In the history of Uttarakhand 'Manga Tax' was related to which of the following ?
(a) Emergency Tax
(b) Grazing Tax
(c) House Tax
(d) Military Tax

**10.** In which area of Uttarakhand 'Kham' system was prevalent during colonial period ?
(a) Rawain
(b) Tarai-Bhabar
(c) Jaunpur
(d) Garhwal-Kumaun border areas

**11.** Which one of the following is related to 'Vishnupreet' ?
(a) Land grant to Brahmans
(b) Land grant to honour the brave people
(c) Land grant in the form of fief
(d) None of these

**12.** Who presided over the first session of Kumaun Parishad at Almora ?
(a) Jay Dutt (b) Badri Dutt (c) Tara Dutt (d) Ram Dutt

**13.** In 1883, under whose presidentship a meeting was held at Almora in the support of Ilbert Bill ?
(a) Sadanand Sanwal
(b) Buddhiballabh Pant
(c) Hargovind Pant
(d) Badridutt Pandey

**14.** Which of the following is a single user operating system ?
(a) Windows (b) MS-DOS (c) MAC (d) None of these

## खण्ड – 1

## सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन

**1.** कनिष्क की राजधानी कौन सा नगर था ?

(a) काबुल (b) पेशावर (पुरुषपुर) (c) मुल्तान (d) लाहौर

**2.** जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ थे

(a) 24वें तीर्थंकर (b) 25वें तीर्थंकर (c) 23वें तीर्थंकर (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** शेरशाह का मक़बरा किस स्थान पर स्थित है ?

(a) दिल्ली (b) सासाराम (c) आगरा (d) मुल्तान

**4.** फतेहपुर सीकरी स्थित 'बुलन्द दरवाजा' का निर्माण अकबर ने किस विजय के उपलक्ष्य में किया था ?

(a) अम्बर (b) गुजरात (c) मालवा (d) काबुल

**5.** निम्नलिखित में से किसे भारत में अंग्रेजी शिक्षा का मैग्नाकार्टा माना जाता है ?

(a) वुड्स डिस्पैच 1854 (b) मैकाले का विवरण पत्र

(c) 1813 का चार्टर एक्ट (d) एल्फिस्टन रिपोर्ट 1823

**6.** निम्नलिखित में से किसने स्थायी बंदोबस्त लागू किया ?

(a) लॉर्ड हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड कार्नवालिस (c) लॉर्ड मैकाले (d) लॉर्ड डलहौजी

**7.** 5 फरवरी, 1922 की चौरी-चौरा घटना के फलस्वरूप किस आन्दोलन को स्थगित कर दिया गया ?

(a) खिलाफत आन्दोलन (b) असहयोग आन्दोलन

(c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (d) भारत छोड़ो आन्दोलन

**8.** 'गढ़राजवंश काव्य' के लेखक कौन हैं ?

(a) मोलाराम तोमर (b) सुदर्शन शाह (c) भरत कवि (d) मानशाह

**9.** उत्तराखण्ड के इतिहास में 'मांगा कर' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से सम्बंधित था ?

(a) आपातकालीन कर (b) चारागाह कर (c) गृह कर (d) सैन्य कर

**10.** औपनिवेशिक काल में उत्तराखण्ड के किस भाग में 'खाम' पद्धति प्रचलित थी ?

(a) रवाँई (b) तराई-भाबर

(c) जौनपुर (d) गढ़वाल-कुमाऊँ सीमान्त क्षेत्र

**11.** 'विष्णुप्रीत' निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?

(a) ब्राह्मणों को भूमिदान (b) वीर व्यक्तियों के सम्मान हेतु भूमिदान

(c) जागीर के रूप में भूमिदान (d) इनमें से कोई नहीं

**12.** अल्मोड़ा में कुमाऊँ परिषद के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की ?

(a) जयदत्त (b) बद्रीदत्त (c) तारादत्त (d) रामदत्त

**13.** 1883 में किसकी अध्यक्षता में इल्बर्ट बिल के समर्थन में अल्मोड़ा में सभा हुई थी ?

(a) सदानन्द सनवाल (b) बुद्धिबल्लभ पंत (c) हरगोविन्द पंत (d) बद्रीदत्त पाण्डे

**14.** निम्नलिखित में से कौन सा एकल उपयोगकर्ता प्रचालन तंत्र है ?

(a) विंडोज़ (b) एम.एस. डॉस (c) मैक (d) इनमें से कोई नहीं

15. Which one of the following important folk dance of Garhwal region is performed in the courtyard of the house ?
(a) Jhora (b) Bajuband (c) Thadiya (d) Pauna

16. Famous folk song of Rawain-Jaunpur area in which groups of men and women sing the love songs in the form of question and answer is called as
(a) Baju-Band (b) Choppati (c) Khuded (d) Chhura

17. At which place of Uttarakhand, the famous Jhoola Devi Temple is situated ?
(a) Kausani (b) Baijnath (c) Dharchula (d) Ranikhet

18. Which one of the following ornaments is not worn in the neck ?
(a) Gulbandh (b) Charyo (c) Tagdi (d) Hansuli

19. Read the following statements and select the correct answer :
1. Valley of Flowers is mentioned in Skand Purana as Nandan Kanan.
2. Valley of Flowers is located in the district of Chamoli.
3. Pushpaganga stream passes through the centre of Valley of Flowers.
(a) Only 1 is correct. (b) 1 and 2 are correct.
(c) 2 and 3 are correct. (d) All 1, 2 and 3 are correct.

20. Which among the following is not correctly matched ?

| | (Institution) | (Establishment Year) |
|---|---|---|
| (a) | National Development Council | 1952 |
| (b) | Zonal Councils | 1956 |
| (c) | Central Vigilance Commission | 1962 |
| (d) | National Human Rights Commission | 1993 |

21. Which of the following Article provides that the territory of India shall comprise the territories of the States, the Union Territories and such other territories as may be acquired ?
(a) Article 1(2) (b) Article 1(1) (c) Article 1(4) (d) Article 1(3)

22. In which of the following Articles of the Indian Constitution does the word 'Freedom of Conscience' appears ?
(a) Article 25 (b) Article 26 (c) Article 27 (d) Article 28

23. After the deletion of Right to Property as a Fundamental Right, it is now a legal right under which part of the Constitution ?
(a) Part XII, Chapter 2 (b) Part XIII, Chapter 5
(c) Part XII, Chapter 4 (d) Part XIII, Chapter 3

24. Which section was inserted in the People's Representation Act, 1951 to provide for Electronic Voting Machines (EVM) in elections ?
(a) 66 C (b) 63 B (c) 61 A (d) 62 B

25. Which one of the following period is known as the golden age of architecture in Uttarakhand ?
(a) Kunind (b) Katyuri (c) Parmar (d) Chand

**15.** घर के आँगन में सम्पादित होने वाला गढ़वाल क्षेत्र का महत्त्वपूर्ण लोक-नृत्य निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(a) झोड़ा (b) बाजूबन्द (c) थड़्या (d) पौणा

**16.** रवाँई–जौनपुर क्षेत्र में प्रसिद्ध लोक-गीत, जिसमें महिला और पुरुष समूहों के मध्य प्रेम गीत प्रश्न और उत्तर रूप में गाये जाते हैं, कहलाता है

(a) बाजू–बन्द (b) छोपती (c) खुदेड़ (d) छुरा

**17.** उत्तराखण्ड के किस स्थान पर प्रसिद्ध झूला देवी मंदिर स्थित है ?

(a) कौसानी (b) बैजनाथ (c) धारचूला (d) रानीखेत

**18.** निम्नलिखित में से कौन सा आभूषण गले में धारण नहीं किया जाता है ?

(a) गुलबंद (b) चरियो (c) तगड़ी (d) हन्सुली

**19.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िये तथा सही उत्तर को चुनिये :

1. फूलों की घाटी का वर्णन स्कन्द पुराण में नन्दन कानन के नाम से है ।
2. फूलों की घाटी जनपद चमोली में अवस्थित है ।
3. पुष्पगंगा धारा फूलों की घाटी के मध्य से प्रवाहित होती है ।

(a) केवल 1 सत्य है । (b) 1 एवं 2 सत्य हैं । (c) 2 एवं 3 सत्य हैं । (d) सभी 1, 2 एवं 3 सत्य हैं ।

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

| **(संस्था)** | **(स्थापना वर्ष)** |
|---|---|
| (a) राष्ट्रीय विकास परिषद | 1952 |
| (b) क्षेत्रीय परिषदें | 1956 |
| (c) केन्द्रीय सतर्कता आयोग | 1962 |
| (d) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | 1993 |

**21.** निम्न में से कौन सा अनुच्छेद यह प्रावधान करता है कि भारत के राज्यक्षेत्र में राज्यों के राज्यक्षेत्र, संघ राज्यक्षेत्र तथा ऐसे अन्य राज्य क्षेत्र शामिल होंगे, जो अर्जित किए जाए ?

(a) अनुच्छेद 1(2) (b) अनुच्छेद 1(1) (c) अनुच्छेद 1(4) (d) अनुच्छेद 1(3)

**22.** भारतीय संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद में ‘अंत:करण की स्वतंत्रता’ शब्द आया है ?

(a) अनुच्छेद 25 (b) अनुच्छेद 26 (c) अनुच्छेद 27 (d) अनुच्छेद 28

**23.** मौलिक अधिकार के रूप में सम्पत्ति के अधिकार को हटाने के बाद, यह अब संविधान के किस भाग के अन्तर्गत एक विधिक अधिकार है ?

(a) भाग XII, अध्याय 2 (b) भाग XIII, अध्याय 5

(c) भाग XII, अध्याय 4 (d) भाग XIII, अध्याय 3

**24.** चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) के प्रयोग किये जाने हेतु, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में कौन सी धारा जोड़ी गई ?

(a) 66 C (b) 63 B (c) 61 A (d) 62 B

**25.** निम्नलिखित में से किस काल को उत्तराखण्ड में स्थापत्य कला का स्वर्ण युग माना जाता है ?

(a) कुणिन्द (b) कत्यूरी (c) परमार (d) चन्द

**26.** On the basis of 2011 Census data, which of the following States of India has highest population density ?

(a) Kerala (b) West Bengal (c) Uttar Pradesh (d) Bihar

**27.** The percentage of senior citizen age group (above 60 years) in India was 5.1 percent in the year 1901, it increased to what percentage in the 2011 Census ?

(a) 10.3 percent (b) 9.5 percent (c) 8.4 percent (d) 11.5 percent

**28.** Which one of the following glaciers in India is the longest glacier ?

(a) Gaumukh glacier (b) Siachin glacier
(c) Biafo glacier (d) Chango-lungma glacier

**29.** When the New Industrial Policy with several liberalized measures was implemented in India ?

(a) In 1985 (b) In 1991 (c) In 1998 (d) In 2004

**30.** Which one of the following policy was made to maintain harmony between environment and development in India ?

(a) Environmental Policy, 2008
(b) Environment and Development Policy, 2006
(c) Environment Policy, 2005
(d) None of these

**31.** Rajasthan Canal has been drawn out from which of the following place ?

(a) From Bhakra-Nangal Dam (b) From Harike Dam
(c) From River Yamuna (d) From River Satluj

**32.** When was the mineral oil discovered in Bombay High area ?

(a) In 1975 (b) In 1976 (c) In 1977 (d) In 1978

**33.** Which one of the following districts of Uttarakhand has lowest literacy rate as per 2011 Census ?

(a) Haridwar (b) Champawat (c) Almora (d) Dehradun

**34.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(a) Rajaji National Park – Dehradun, Haridwar, Pauri Garhwal
(b) Govind National Park – Uttarkashi
(c) Askot Wildlife Sanctuary – Pithoragarh
(d) Binsar Wildlife Sanctuary – Dehradun

**35.** Balcha Pass connects

(a) Chamoli-Tibbet (b) Chamoli-Uttarkashi
(c) Chamoli-Pithoragarh (d) Pithoragarh-Tibbet

**36.** Which of the following is not mentioned as a subject under the Eleventh Schedule of Indian Constitution ?

(a) Water management and watershed development
(b) Improvement and upgradation of slums
(c) Technical training and vocational education
(d) Public Distribution System

26. सन् 2011 की जनगणना के आँकड़ों के आधार पर भारत के निम्न में से किस राज्य में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व है ?

(a) केरल (b) पश्चिम बंगाल (c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

27. भारत में वरिष्ठ नागरिक आयु वर्ग (60 वर्ष से अधिक) का प्रतिशत वर्ष 1901 में 5.1 प्रतिशत था, यह 2011 की जनगणना में बढ़कर कितने प्रतिशत हो गया ?

(a) 10.3 प्रतिशत (b) 9.5 प्रतिशत (c) 8.4 प्रतिशत (d) 11.5 प्रतिशत

28. भारत के निम्नलिखित हिमनदों में से सर्वाधिक लम्बाई वाला हिमनद कौन सा है ?

(a) गोमुख हिमनद (b) सियाचिन हिमनद (c) बियाफो हिमनद (d) चाँगो-लुंग्मा हिमनद

29. उदारीकरण के अनेक उपायों के साथ भारत में नई औद्योगिक नीति कब लागू हुई ?

(a) 1985 में (b) 1991 में (c) 1998 में (d) 2004 में

30. निम्नलिखित में से कौन सी नीति भारत में पर्यावरण व विकास के बीच सामंजस्य रखने हेतु बनायी गयी ?

(a) पर्यावरण नीति, 2008
(b) पर्यावरण एवं विकास नीति, 2006
(c) पर्यावरण नीति, 2005
(d) इनमें से कोई नहीं

31. राजस्थान नहर को निम्न में से किस स्थान से निकाला गया है ?

(a) भाखड़ा-नांगल बाँध से
(b) हरीके बाँध से
(c) यमुना नदी से
(d) सतलज नदी से

32. बम्बई हाई क्षेत्र में खनिज तेल का पता कब लगा ?

(a) 1975 में (b) 1976 में (c) 1977 में (d) 1978 में

33. जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड के निम्नलिखित जनपदों में से किस जनपद में साक्षरता दर न्यूनतम है ?

(a) हरिद्वार (b) चम्पावत (c) अल्मोड़ा (d) देहरादून

34. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(a) राजाजी नेशनल पार्क – देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी-गढ़वाल
(b) गोविन्द नेशनल पार्क – उत्तरकाशी
(c) अस्कोट वन्य-जीव अभयारण्य – पिथौरागढ़
(d) बिनसर वन्य-जीव अभयारण्य – देहरादून

35. बाल्चा दर्रा जोड़ता है :

(a) चमोली – तिब्बत (b) चमोली – उत्तरकाशी (c) चमोली – पिथौरागढ़ (d) पिथौरागढ़ – तिब्बत

36. निम्न में से कौन सा विषय भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में वर्णित <u>नहीं</u> है ?

(a) जल प्रबन्धन और जल विभाजक क्षेत्र का विकास
(b) गंदी-बस्ती सुधार तथा उन्नयन
(c) तकनीकी प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक शिक्षा
(d) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

**37.** In which of the following districts of Uttarakhand, 'Raji' tribe is found ?
(a) Champawat (b) Uttarkashi
(c) Udhamsingh Nagar (d) Haridwar

**38.** According to 2011 Census which one of the following district of Uttarakhand has the lowest number of female population ?
(a) Champawat district (b) Bageshwar district
(c) Chamoli district (d) Pithoragarh district

**39.** During the Census period 2001-11, which district of Uttarakhand recorded the highest percentage rate of population growth ?
(a) Haridwar (b) Dehradun
(c) Udhamsingh Nagar (d) Nainital

**40.** Which of the following group of districts in the year 2020-21, was the leading producer of sugarcane in Uttarakhand ?
(a) Haridwar, Udhamsingh Nagar, Dehradun
(b) Haridwar, Dehradun, Bageshwar
(c) Dehradun, Udhamsingh Nagar, Chamoli
(d) None of these

**41.** Shailesh Matiyani Award of Uttarakhand Government is related to which of the following ?
(a) Rural Livelihood (b) Primary and Secondary Education
(c) Skill Development (d) Health and Family Welfare

**42.** As per Land Use Survey (LUS) 2009-10, what was the percentage share of cultivable land to the total reported area of Uttarakhand ?
(a) 20 percent (b) 18 percent (c) 14 percent (d) 25 percent

**43.** Badrinath is a main centre of which of the following cult ?
(a) Nath cult (b) Vaishnava cult (c) Shaiva cult (d) Pashupath cult

**44.** As per Census 2011, rural-urban population percentage ratio of Uttarakhand is
(a) 72.85 : 27.15 (b) 66.85 : 33.15 (c) 69.76 : 30.24 (d) 78.75 : 21.25

**45.** Government of Uttarakhand is working on how many Sustainable Development Goals (SDG) ?
(a) 17 (b) 15 (c) 10 (d) 14

**46.** From the following which are the places of Uttarakhand, where rail line is under construction in recent years ?
(a) Rishikesh - Karn Prayag (b) Haridwar - Dehradun
(c) Dehradun - Rishikesh (d) Dehradun - Kathgodam

**47.** Veer Chandra Singh Garhwali Yojana of Uttarakhand Government is related to
(a) Army (b) Women Power (c) Self employment (d) Handicraft

**48.** Which one of the following rivers separates Uttarakhand from Himachal Pradesh ?
(a) Kali river (b) Sindhu river (c) Tons river (d) None of these

**37.** निम्नलिखित में से किस उत्तराखण्ड जनपद में 'राजी' जनजाति मिलती है ?

(a) चम्पावत (b) उत्तरकाशी (c) उधमसिंह नगर (d) हरिद्वार

**38.** 2011 जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड के किस जनपद में महिलाओं की जनसंख्या सबसे कम है ?

(a) चम्पावत जनपद (b) बागेश्वर जनपद (c) चमोली जनपद (d) पिथौरागढ़ जनपद

**39.** जनगणना 2001-11 की अवधि में उत्तराखण्ड के किस जनपद में जनसंख्या वृद्धि प्रतिशत दर सबसे अधिक थी ?

(a) हरिद्वार (b) देहरादून (c) उधमसिंह नगर (d) नैनीताल

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा उत्तराखंड का जनपद समूह वर्ष 2020-21 में गन्ने का अग्रणी उत्पादक था ?

(a) हरिद्वार, उधमसिंह नगर, देहरादून (b) हरिद्वार, देहरादून, बागेश्वर

(c) देहरादून, उधमसिंह नगर, चमोली (d) इनमें से कोई नहीं

**41.** उत्तराखण्ड सरकार का शैलेश मटियानी पुरस्कार निम्न में से किससे संबंधित है ?

(a) ग्रामीण आजीविका (b) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा

(c) कौशल विकास (d) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

**42.** उत्तराखण्ड में भूमि उपयोग सर्वेक्षण (एल.यू.एस.) 2009-10 के अनुसार, कुल प्रतिवेदित क्षेत्र का कितना प्रतिशत हिस्सा कृषि योग्य भूमि का था ?

(a) 20 प्रतिशत (b) 18 प्रतिशत (c) 14 प्रतिशत (d) 25 प्रतिशत

**43.** बद्रीनाथ निम्नलिखित में से किस पंथ का मुख्य केन्द्र है ?

(a) नाथ पंथ (b) वैष्णव पंथ (c) शैव पंथ (d) पशुपत पंथ

**44.** जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड की ग्रामीण-शहरी जनसंख्या का प्रतिशत अनुपात है :

(a) 72.85 : 27.15 (b) 66.85 : 33.15 (c) 69.76 : 30.24 (d) 78.75 : 21.25

**45.** उत्तराखण्ड सरकार कितने सतत् विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) पर कार्य कर रही है ?

(a) 17 (b) 15 (c) 10 (d) 14

**46.** उत्तराखण्ड राज्य में हाल के वर्षों में निम्न में से किन स्थानों पर रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है ?

(a) ऋषिकेश – कर्णप्रयाग (b) हरिद्वार – देहरादून

(c) देहरादून – ऋषिकेश (d) देहरादून – काठगोदाम

**47.** उत्तराखण्ड सरकार की वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना संबंधित है :

(a) सेना (b) मातृ शक्ति (c) स्व-रोजगार (d) हस्तशिल्प

**48.** निम्नलिखित में से कौन सी नदी उत्तराखण्ड को हिमाचल प्रदेश से पृथक करती है ?

(a) काली नदी (b) सिन्धु नदी (c) टौंस नदी (d) इनमें से कोई नहीं

**49.** Shweta Verma, who has been a member of India's National Women Cricket Team is associated with which district ?

(a) Udhamsingh Nagar (b) Haridwar
(c) Nainital (d) Pithoragarh

**50.** Who is the Chief Justice of Supreme Court of India ?

(a) Shivkant (b) D.Y. Chandrachud
(c) N. Koteshwar Singh (d) Subroto Banerjee

**51.** Koteshwar Dam is situated in which district of Uttarakhand ?

(a) Almora (b) Tehri (c) Pauri (d) Chamoli

**52.** Tigmanshu Dhulia is associated with which of the following field ?

(a) Cinema (b) Painting (c) Music (d) Humanities

**53.** Yoga guru Baba Ramdev was born in which State ?

(a) Uttarakhand (b) Haryana (c) Uttar Pradesh (d) Bihar

**54.** Which Indian State tops the list in School Education Quality Index in the latest Niti Aayog report ?

(a) Uttarakhand (b) Haryana (c) Kerala (d) Himachal Pradesh


**55.** The present age of A and B is in the ratio 5:3. After four years if the ratio of their ages will become 3:2, what is A's present age in years ?

(a) 20 years (b) 30 years (c) 40 years (d) 50 years

**56.** Sachin scored 125 runs in an inning which included 3 fours and 8 sixes. What percent of his total score did Sachin score by running between the wickets ?

(a) 45 (b) 50 (c) 52 (d) 55

**57.** Find the missing number :




(a) 32 (b) 64 (c) 128 (d) 8

**58.** ₹ 150 are divided among A, B, C such that A's share is ₹ 20 more than B's and ₹ 20 less than C's. What is B's share ?

(a) ₹ 20 (b) ₹ 30 (c) ₹ 40 (d) ₹ 50

**59.** If + means ÷, × means –, ÷ means × and – means +, then the value of $8 + 6 \times 4 \div 3 - 4$ is

(a) $-10$ (b) $-\frac{1}{2}$ (c) 12 (d) $-\frac{20}{3}$

**60.** A man ate 100 bananas in five days, each day he ate 6 bananas more than the previous day. How many bananas did he eat on the first day ?

(a) 6 (b) 8 (c) 7 (d) 9

**61.** Where is the Central Building Research Institute situated in Uttarakhand ?

(a) Dehradun (b) Roorkee (c) Almora (d) Haridwar

**49.** भारत की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्या रहीं, श्वेता वर्मा किस जिले से संबंधित हैं ?

(a) उधमसिंह नगर (b) हरिद्वार (c) नैनीताल (d) पिथौरागढ़

**50.** भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कौन है ?

(a) शिवकांत (b) डी.वाई. चन्द्रचूड़ (c) एन. कोटेश्वर सिंह (d) सुब्रतो बैनर्जी

**51.** उत्तराखंड के किस जिले में कोटेश्वर बाँध (डैम) स्थित हैं ?

(a) अल्मोड़ा (b) टिहरी (c) पौड़ी (d) चमोली

**52.** तिगमांशु धुलिया निम्न में से किस क्षेत्र से संबंधित है ?

(a) सिनेमा (b) पेंटिंग (c) संगीत (d) मानविकी

**53.** योग गुरु बाबा रामदेव का जन्म किस राज्य में हुआ ?

(a) उत्तराखण्ड (b) हरियाणा (c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

**54.** हाल ही की नीति आयोग की रिपोर्ट में भारत में कौन सा राज्य विद्यालयी शिक्षा गुणवत्ता सूची में सबसे ऊपर है ?

(a) उत्तराखंड (b) हरियाणा (c) केरल (d) हिमाचल प्रदेश


**55.** A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 5:3 है । यदि चार साल बाद उनकी आयु का अनुपात 3:2 हो जाता है, तो A की वर्तमान आयु वर्षों में कितनी है ?

(a) 20 वर्ष (b) 30 वर्ष (c) 40 वर्ष (d) 50 वर्ष

**56.** सचिन ने एक पारी में 125 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 8 छक्के शामिल थे । सचिन ने अपने कुल स्कोर का कितना प्रतिशत स्कोर विकेटों के बीच दौड़कर बनाया ?

(a) 45 (b) 50 (c) 52 (d) 55

**57.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(a) 32 (b) 64 (c) 128 (d) 8

**58.** ₹ 150 को A, B, C में इस तरह से विभाजित किया जाता है कि A का हिस्सा B से ₹ 20 अधिक तथा C से ₹ 20 कम है । B का हिस्सा कितना है ?

(a) ₹ 20 (b) ₹ 30 (c) ₹ 40 (d) ₹ 50

**59.** यदि + का अर्थ ÷, × का अर्थ –, ÷ का अर्थ × और – का अर्थ + हो, तो $8 + 6 \times 4 \div 3 - 4$ का मान है :

(a) $-10$ (b) $-\frac{1}{2}$ (c) 12 (d) $-\frac{20}{3}$

**60.** एक व्यक्ति ने 5 दिनों में 100 केले खाये, प्रत्येक दिन उसने पहले दिन से 6 केले अधिक खाये । उस व्यक्ति ने पहले दिन कितने केले खाये ?

(a) 6 (b) 8 (c) 7 (d) 9

**61.** उत्तराखण्ड में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है ?

(a) देहरादून (b) रूड़की (c) अल्मोड़ा (d) हरिद्वार

**62.** Optical fibres work on the principle of
(a) Total emission (b) Total absorption
(c) Total reflection (d) Total internal reflection

**63.** Which of the following is not a semi-conductor ?
(a) Ge (b) Si (c) GaAs (d) A*l*

**64.** The soap bubbles are appeared coloured due to which of the following phenomenon ?
(a) Interference (b) Diffraction (c) Polarization (d) Reflection

**65.** Gypsum is obtained when :
(a) Plaster of Paris is mixed with acid.
(b) Plaster of Paris is mixed with base.
(c) Plaster of Paris is mixed with water.
(d) Plaster of Paris is mixed with salt.

**66.** Which part of our body filters the dirty blood ?
(a) Heart (b) Lung (c) Ureter (d) Kidney

**67.** Which one of the following layer of the atmosphere is nearest to earth surface ?
(a) Troposphere (b) Exosphere (c) Stratosphere (d) Thermosphere

**68.** On which part of the human eye the image of any object is formed ?
(a) Cornea (b) Iris (c) Pupil (d) Retina

**69.** Which of the following is called the energy currency of the cell ?
(a) Oxygen (b) ATP (c) Mitochondria (d) Nitrogen

**70.** Which of the following vitamin is soluble in water ?
(a) Vitamin A (b) Vitamin B (c) Vitamin D (d) Vitamin E

**71.** Why firewall is used in computer ?
(a) Monitoring (b) Data transmission
(c) Authentication (d) Security

**72.** The full form of URL is :
(a) Uninterrupted Resource Locator (b) Uninterrupted Record Locator
(c) Uniform Record Locator (d) Uniform Resource Locator

**73.** Identify which is not a networking device.
(a) Switch (b) Traffic analyzer (c) Bridge (d) Router

**74.** Identify among the following servers which allow LAN users to share data :
(a) Communication server (b) Point server
(c) Data server (d) File server

**75.** The chemical formula of laughing gas is :
(a) $NH_3$ (b) $NO_2$ (c) $N_2O$ (d) $N_2O_2$

**62.** प्रकाश तन्तु कार्य करता है

(a) कुल उत्सर्जन के सिद्धान्त पर
(b) कुल अवशोषण के सिद्धान्त पर
(c) कुल परावर्तन के सिद्धान्त पर
(d) कुल आन्तरिक परावर्तन के सिद्धान्त पर

**63.** निम्न में से कौन सा एक अर्द्धचालक नहीं है ?

(a) Ge (b) Si (c) GaAs (d) A*l*

**64.** साबुन के बुलबुले निम्न में से किस प्रक्रिया के कारण रंगीन दिखाई देते हैं ?

(a) व्यतिकरण (b) विवर्तन (c) ध्रुवीकरण (d) परावर्तन

**65.** जिप्सम प्राप्त किया जाता है जब

(a) प्लास्टर ऑफ पेरिस को अम्ल के साथ मिलाया जाता है।
(b) प्लास्टर ऑफ पेरिस को क्षार के साथ मिलाया जाता है।
(c) प्लास्टर ऑफ पेरिस को पानी के साथ मिलाया जाता है।
(d) प्लास्टर ऑफ पेरिस को नमक के साथ मिलाया जाता है।

**66.** हमारे शरीर का कौन सा भाग गन्दे रक्त का शोधन करता है ?

(a) हृदय (b) फेफड़ा (c) यूरेटर (d) वृक्क

**67.** निम्न में से वायुमंडल की कौन सी एक परत पृथ्वी की सतह के निकटतम है ?

(a) ट्रोपोस्फेयर (b) एक्सोस्फेयर (c) स्ट्रैटोस्फेयर (d) थर्मोस्फेयर

**68.** किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब मनुष्य की आँख के किस भाग पर बनता है ?

(a) कॉर्निया (b) आइरिस (c) प्यूपिल (d) रेटिना

**69.** निम्न में से किसे कोशिका की ऊर्जा मुद्रा कहा जाता है ?

(a) ऑक्सीजन (b) एटीपी (c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) नाइट्रोजन

**70.** निम्न में से कौन सा विटामिन जल में घुलनशील है ?

(a) विटामिन ए (b) विटामिन बी (c) विटामिन डी (d) विटामिन ई

**71.** कम्प्यूटर में फायरवॉल का उपयोग क्यों किया जाता है ?

(a) निगरानी (b) आँकड़ा संचलन (c) प्रमाणीकरण (d) सुरक्षा

**72.** यू आर एल का पूर्ण रूप है :

(a) अनइंटरप्टेड रिसोर्स लोकेटर
(b) अनइंटरप्टेड रिकॉर्ड लोकेटर
(c) यूनिफॉर्म रिकॉर्ड लोकेटर
(d) यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर

**73.** उसे पहचानिए जो एक नेटवर्किंग डिवाइस नहीं है।

(a) स्विच (b) ट्रैफिक ऐनालाइज़र (c) ब्रिज (d) राउटर

**74.** निम्नलिखित सर्वरों में से पहचान करें जो लैन (LAN) उपभोगकर्ताओं को डेटा साझा करने की अनुमति देता है :

(a) संचार सर्वर (b) बिन्दु सर्वर (c) डेटा सर्वर (d) फाइल सर्वर

**75.** हँसाने वाली गैस का रासायनिक सूत्र है :

(a) $NH_3$ (b) $NO_2$ (c) $N_2O$ (d) $N_2O_2$

## खण्ड – 2
## सामान्य हिन्दी

**76.** ‘इन्द्र’ का पर्यायवाची शब्द है :
(a) वज्रपाणि (b) चक्रपाणि (c) शूलपाणि (d) पिनाकपाणि

**77.** ‘जिसके समान कोई दूसरा न हो’ वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
(a) अनुपम (b) अद्वितीय (c) अतुलनीय (d) अद्‌भुत

**78.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द ‘बादल’ का पर्यायवाची नहीं है ?
(a) जलद (b) नीरद (c) मेघ (d) वारिधि

**79.** ‘जहाँ पर कठिनाई से पहुँचा जा सके’ वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
(a) अगम्य (b) दुर्गम (c) दुर्लंघ्य (d) दुर्लभ

**80.** ‘किंकर्तव्य विमूढ़’ शब्द का प्रयोग निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए उपयुक्त है ?
(a) जो कार्य करने में असमर्थ हो । (b) जिसे कोई मार्ग न सूझे ।
(c) क्या करें, क्या न करें की मन:स्थिति । (d) जब निर्णय लेने में कोई असमंजस न हो ।

**81.** ‘अवसर का लाभ उठाना’ अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा है :
(a) बहती गंगा में हाथ धोना । (b) जो मन चंगा तो कठौती में गंगा ।
(c) घाट–घाट का पानी पीना । (d) गंगा गए तो गंगादास, जमुना गए तो जमुनादास ।

**82.** आश्चर्य भाव अथवा सम्बोधन को सूचित करने के लिए निम्नलिखित में से किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
(a) : (b) ; (c) – (d) !

**83.** लिखते समय भूल गए शब्द या विवरण को जोड़ने के लिए लगाए जाने वाले चिह्न (^) को कहा जाता है :
(a) अवतरण (b) हंसपद (c) योजक (d) निर्देशक

**84.** ‘विस्तार’ का विलोम शब्द है :
(a) संक्षेप (b) सूक्ष्म (c) छोटा (d) लघु

**85.** निम्नलिखित में ‘लोकोक्ति’ है :
(a) कचूमर निकलना । (b) ओखली में सिर देना ।
(c) जीती मक्खी नहीं निगली जाती । (d) उल्टी गंगा बहना ।

**86.** ‘संन्यासी’ का विलोम शब्द है :
(a) राजा (b) भोगी (c) गृहस्थ (d) ब्रह्मचारी

**87.** निम्नांकित में ‘अयादि’ स्वर सन्धि का उदाहरण है :
(a) शरणार्थी (b) उपेन्द्र (c) हितैषी (d) गायक

**88.** 'पुस्तक' शब्द में कौन सी संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा (c) समूहवाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

**89.** 'विशेषण' से निर्मित संज्ञा शब्द है :

(a) ममत्व (b) लड़कपन (c) मर्दानगी (d) मिठास

**90.** 'भानुमती का कुनबा' मुहावरे का प्रयोग निम्नलिखित में से किस अर्थ में होता है ?

(a) भाई–भतीजावाद (b) दूर के रिश्तेदारों का समूह

(c) असामाजिक तत्त्वों का संगठन (d) बेमेल व्यक्तियों का समूह

**91.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है ?

(a) परिणत (b) स्रष्टा (c) अंतर्ध्यान (d) दुरवस्था

**92.** 'ल' और 'ल्ह' ध्वनियों को उच्चारण प्रयत्न के आधार पर किस वर्ग में रखा जाता है ?

(a) उत्क्षिप्त (b) पार्श्विक (c) संघर्षी (d) प्रकंपित

**93.** इनमें से महाप्राण ध्वनि नहीं है :

(a) थ (b) घ (c) भ (d) द

**94.** अनुनासिक वर्ण नहीं है :

(a) झ् (b) म् (c) ञ् (d) ण्

**95.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द उपसर्ग और प्रत्यय दोनों के मेल से निर्मित है ?

(a) अकथनीय (b) लाजवाब (c) बिकाऊ (d) गायिका

**96.** निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द का चयन कीजिए :

(a) धनुषाकार (b) अँगीठी (c) मित्र (d) पक्षी

**97.** 'खप्पर' शब्द इनमें से किस कोटि का है ?

(a) देशज (b) विदेशी (c) तद्भव (d) तत्सम

**98.** निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है :

(a) गिद्ध (b) नैहर (c) खेत (d) गोष्ठ

**99.** किस सामासिक पद में सम्बन्ध तत्पुरुष नहीं है ?

(a) पनघट (b) बैलगाड़ी (c) कामचोर (d) सन्धिपत्र

**100.** 'जो पढ़ेगा सो ज्ञानी होगा' – इस वाक्य में कौन सा सर्वनाम है ?

(a) निजवाचक सर्वनाम (b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

---

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**